DATE 18.11.24
PAGE No. 1

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण ('विशेषण' पृष्ठ-१५) अशुद्ध शुद्ध वाक्य

पुस्तक - वीवा हिंदी व्याकरण - 8

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा आठवीं की हिंदी व्याकरण की पुस्तक के पृष्ठ १५ पर दिए 'विशेषण बनाओ' का अध्ययन करेंगे।

प्यारे बच्चो, आपने पिछली कक्षाओं में भी विशेषण के बारे में पढ़ा है। इसलिए आपको इनके बारे बताने में और पढ़ने में आसानी होगी।

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने शब्द विशेषण कहलाते हैं। विशेषण जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते हैं। विशेषण चार प्रकार के होते हैं:- 1. गुणवाचक विशेषण 2. संख्यावाचक विशेषण 3. परिमाण वाचक विशेषण 4. सार्वनामिक विशेषण।

विशेषण भी संज्ञा एवं सर्वनाम की भाँति विकारी शब्द हैं। विशेषणों में भी लिंग, वचन और कारक की दृष्टि से विकार या परिवर्तन होता है। अब पृष्ठ-57 पर दिए विशेषणों की रचना में दिए शब्दों को पढ़ेंगे।

विशेषणों की रचना :- अधिकांश हिंदी भाषा में विशेषण शब्दों की रचना संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, अव्यय आदि शब्दों के साथ उपसर्ग, प्रत्यय आदि लगाकर की जाती है।

Date 18.11.24
Page 2

कक्षा- आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (विशेषण, अशुद्ध-शुद्ध वाक्य)

## संज्ञा से विशेषण

| | संज्ञा | विशेषण | | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मास | मासिक | 11. | रंग | रंगीन |
| 2. | दिन | दैनिक | 12. | नमक | नमकीन |
| 3. | सप्ताह | साप्ताहिक | 13. | नव | नवीन |
| 4. | सेना | सैनिक | 14. | पुराण | पौराणिक |
| 5. | ग्राम | ग्रामीण | 15. | चमक | चमकीला |
| 6. | विज्ञान | वैज्ञानिक | 16. | रस | रसीला |
| 7. | राष्ट्र | राष्ट्रीय | 17. | काँटा | कँटीला |
| 8. | भारत | भारतीय | 18. | स्थान | स्थानीय |
| 9. | सुर | सुरीला | 19. | हर्ष | हर्षित |
| 10. | देश | देशी | 20. | विकास | विकसित |
| 21. | रोग | रोगी | 31. | पीड़ा | पीड़ित |
| 22. | क्रोध | क्रोधी | 32. | उपयोग | उपयोगी |
| 23. | प्यास | प्यासा | 33. | विष | विषैला |
| 24. | हार | हारा | 34. | प्यार | प्यारा |
| 25. | अंत | अंतिम | 35. | भूख | भूखा |
| 26. | मूल्य | मूल्यवान | 36. | भाग्य | भाग्यवान |
| 27. | दया | दयालु | 37. | लूट | लुटेरा |
| 28. | सुख | सुखी | 38. | मामा | ममेरा |
| 29. | चाचा | चचेरा | 39. | पक्ष | पाक्षिक |
| 30. | स्वर्ण | स्वर्णिम | 40. | फल | फलदायक |

## सर्वनाम से विशेषण

| | सर्वनाम | विशेषण | सर्वनाम | विशेषण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वह | वैसा | यह | ऐसा |
| 2. | जो | जैसा | तुम | तुम्हारा |
| 3. | कौन | कैसा | हम | हमारा / हम-सा |
| 4. | मैं | मुझ-सा | आप | आपसी |

Scanned with CamScanner

Date 18.11.24
Page 3

कक्षा- आठवीं
सुमन शर्मा

हिंदी व्याकरण (विशेषण, अशुद्ध-शुद्ध वाक्य)

## क्रिया से विशेषण

| | क्रिया | विशेषण | | क्रिया | विशेषण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेचना | बिकाऊ | 5. | लड़ना | लड़ाका |
| 2. | टिकना | टिकाऊ | 6. | मरना | मरियल |
| 3. | कमाना | कमाऊ | 7. | सड़ना | सड़ियल |
| 4. | दिखना | दिखाऊ | 8. | अड़ना | अड़ियल |

## अव्यय से विशेषण

| | अव्यय | विशेषण | | अव्यय | विशेषण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भीतर | भीतरी | 3. | ऊपर | ऊपरी |
| 2. | बाहर | बाहरी | 4. | सतह | सतही |

## अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करना

| | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. | मेरी माँ विद्वान हैं। | मेरी माँ विदुषी हैं। |
| 2. | लक्ष्मीबाई वीर थीं। | लक्ष्मीबाई वीरांगना थीं। |
| 3. | राम, लक्ष्मण और सीता वन को गई। | राम-लक्ष्मण और सीता वन को गए। |
| 4. | उसके अंग-अंग काटे गए। | उसका अंग-अंग काटा गया। |
| 5. | उसका प्राण निकल गया। | उसके प्राण निकल गए। |
| 6. | मैं आपका दर्शन करने आया हूँ। | मैं आपके दर्शन करने आया हूँ। |
| 7. | उस कागज़ पर मैंने हस्ताक्षर कर दिया। | उस कागज़ पर मैंने हस्ताक्षर कर दिए। |
| 8. | राकेश पर सौ रुपया का जुर्माना हुए। | राकेश पर सौ रुपए का जुर्माना हुआ। |
| 9. | फ़िल्मी अभिनेता को देखने के लिए अनेकों लोग जमा थे। | फ़िल्म अभिनेता को देखने के लिए अनेक लोग जमा थे। |
| 10. | आप क्या लोगे? | आप क्या लेंगे? |
| 11. | अभी तो आठ ही बजा है। | अभी तो आठ ही बजे हैं। |
| 12. | राजा दशरथ के चारों बेटों का नाम बताओ | राजा दशरथ के चारों बेटों के नाम बताओ। |

Scanned with CamScanner

कक्षा - आठवीं विषय- हिंदी व्याकरण (विशेषण, अशुद्ध-शुद्ध वाक्य)
सुमन शर्मा

वाक्य

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
| --- | --- |
| 13. वहाँ हर प्रकार की वस्तु उपलब्ध है। | वहाँ हर प्रकार की वस्तुएँ उपलब्ध हैं। |
| 14. कल हमने आगरा जाना है। | कल हमें आगरा जाना है। |
| 15. मैंने भी आइसक्रीम खानी है। | मुझे भी आइसक्रीम खानी है। |
| 16. पिताजी हवाईजहाज़ पर गए थे। | पिताजी हवाईजहाज़ से गए थे। |
| 17. बच्चा छत पर से गिर पड़ा। | बच्चा छत से गिर पड़ा। |
| 18. सड़क में मत खेलो। | सड़क पर मत खेलो। |
| 19. मैं मामाजी के लिए पत्र लिखूँगा। | मैं मामाजी को पत्र लिखूँगा। |
| 20. गीता की दो भाई हैं। | गीता के दो भाई हैं। |
| 21. मेरे को भूख लगी है। | मुझे भूख लगी है। |
| 22. मैंने रीना पढ़ाया। | मैंने रीना को पढ़ाया। |
| 23. वह तो घर में का आदमी है। | वह तो घर का आदमी है। |
| 24. घर पर सब कुशलपूर्वक हैं। | घर में सब कुशलपूर्वक हैं। |
| 25. विद्यालय की दाईं ओर दुकान है। | विद्यालय के दायीं ओर दुकान है। |
| 26. बच्चे ने छत पर से गेंद नीचे फेंक दी। | बच्चे ने छत से गेंद नीचे फेंक दी। |
| 27. मैं तेरे को कहानी सुनाऊँगा। | मैं तुझे कहानी सुनाऊँगा। |
| 28. यह टमाटर सस्ते हैं। | ये टमाटर सस्ते हैं। |
| 29. पेड़ पर से पत्ता गिरते हैं। | पेड़ से पत्ते गिरते हैं। |
| 30. कृप्या शांत रहो। | कृपया शांति रखिए। |

यह कार्य यहाँ समाप्त हुआ। अब मैं गृहकार्य दूँगी।

गृहकार्य:-
सब बच्चे इस कराए गए कार्य को अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखेंगे।

(अंतिम पृष्ठ-4)